# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़(अजमेर)

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022—23

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़

## वार्षिक प्रतिवेदन सत्र 2022–23

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में 10 अगस्त 2023 से राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई संचालित है। जिसमें कुल 100 स्वंय सेवक नामांकित है। राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई सत्र 2022–23 की माह अगस्त से माह 31 मार्च 2023 तक गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है–

## अगस्त 2022–23

10 अगस्त 2023 को महाविद्यालय प्रांगण में एन.एस.एस. इकाई से ज्यादा से ज्यादा जुड़ने के लिए अभिप्रेरित करने के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज सेवा के माध्यम से विद्यार्थियों का व्यक्तित्व और चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। इस संगोष्ठी में राष्ट्रीय योजना सेवा योजना के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की गईः–



## वन महोत्सव पखवाड़ा

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में वन महोत्स पखवाड़ा दिनांक 12.08.2023 से शुरू किया गया। जिसके तहत् महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया।



## अगस्त 2022—23

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में हर घर तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। 15 अगस्त 2022 स्वतंत्र दिवस के उपलक्ष में एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स ने आजादी समारोह मनाया तथा स्वाधीनता दिवस पर स्वतंत्रता आंदोलन के सेनानियों को याद किया और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।




**अगस्त 2022–23**

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में महाविद्यालय में शिक्षा और स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कोरोना महामारी से कैसे लड़ा जा सकता है तथा इससे कैसे बचा जा सकता है पर विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी गई। एन.एस.एस. वॉलिंटियर्स को समाज के निरक्षर लोगों को साक्षर करने तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए अभिप्रेरित किया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में दिनांक 08 सितम्बर 2022 को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में अपने विचार प्रकट करते हुए डॉ. श्याम सुंदर ने देश के विकास में साक्षरता की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने स्वंय सेवकों को अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस के महत्व को बताया। उनका मानना था कि जब तक समाज शिक्षित नहीं होगा तब तक वह अपना बहुमुखी विकास नहीं कर सकता। इसलिए देश में कुछेक राज्य हैं जो शत् प्रतिशत साक्षर हैं। अतः सबको पढाओं, सबको बढाओं वाले स्लोगन के माध्यम से साक्षतरा अभियान को जन–जन तक पहुचाने की महती आवश्कयता है। इस विचारगोष्ठी में महाविद्यालय के अधिकारियों एवं विद्यार्थियों द्वारा साक्षतरा के महत्व एवं निरक्षता को मिटाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

## विश्व ओजोन दिवस

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वधान में दिनांक 17 सितम्बर 2022 को स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में विश्व ओजोन दिवस मनाया गया। यह दिवस भूगोल विभाग व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रभारी निर्मला लोधी एवं एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के नेतृत्व में सभी संकाय की छात्राओं ने वृक्षारोपण व जल सिंचन का कार्य कर तथा पौधो के चारों तरफ मेढ बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुचाया।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा व बजरंग भाकर ने अध्यक्षता की महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने बताया की ओजोन परत पृथ्वी व समस्त प्राणियों का सुरक्षा कवच है जो सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करता है तथा पराबैंगनी किरणों से होने वाले दुष्प्रभावों से हम सब की रक्षा करता है।

महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने बताया की ओजोन क्षरण का मुख्य भौतिकवादी व सुविधाभोगी सुविधाएँ है जिसमें वातानुकुलित रेफ्रीजरेटर व सौन्दर्य प्रसादनों के अधिक उपयोग से निकलने वाली क्लोरो–फलोरो कार्बन गैस प्रमुख रूप से उत्तरदायी है।

महाविद्यालय प्रबन्ध समिति सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने कहा की पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए अधिक से अधिक पेड–पौधे लगाने चाहिए। जिससे वातावरण ढंडा होगा तो एसी की आवश्यकता नहीं होगी। ओजोन परत सूर्य से आने वाली पराबैंगनी किरणों को अवशोषित करती है।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राएँ शीतल, सुनिता, कोमल, बसन्ती, पूजा, मैना, मंजू, मुस्कान, फिरदोस, कविता, रामेश्वरी, पिंकी इत्यादी ने राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई तत्वाधान में पर्यावरण संरक्षण दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ।





## राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस

महाविद्यालय में 24 सितम्बर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक आरिएन्टेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महावद्यिालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला तथा युवाओं को निःस्वार्थ सेवा भावना का आत्मसात् करने का आह्वान किया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मधुरानी चौहान ने अपने उद्बोधन के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुडे विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए स्वंय सेवकों को समाज सेवकों को समाज के साथ–साथ समाजिक समरसता, सद्भाव एवं राष्ट्रीय एकता और अखण्डता के प्रति उनके दायित्वों का बोध कराया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर एवं स्वंय सेवकों ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया

**भास्कर न्यूज़** | रूपनगढ़

रूपनगढ़ के स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा स्थापना दिवस मां सरस्वती के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर महाविद्यालय अध्यक्ष बजरंग भाकर, सचिव डॉ .बी .एल . देवंदा , प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, प्रभारी रमेश मीणा,बी.एड प्राचार्या रानू वार्ष्णेय ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया । राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ . मधुरानी ने बताया की राष्ट्रीय स्वयं सेविकाओं द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना का गीत- उठे समाज के लिए उठे-उठे जगे स्वराष्ट्र के लिए जगे - जगे गीत की प्रस्तुति शीतल, नीतू, सुमन, सुनीता, ममता, कविता, अनिता, मंजू, फिरदोस, रेखा, नीलम, कोमल ने ताल व लय के साथ गाया। शनिवार को कॉलेज अध्यक्ष बजरंग भाकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि समुदाय में रहते हुए स्वयं सेविकाएं सामाजिक कार्यों के साथ अपना व्यक्तित्व का पूर्ण रूप से विकास कर राष्ट्र निर्माण व जन जागरूकता के द्वारा समाज में व्याप्त कुरीतियां , बाल-विवाह, दहेज-प्रथा, मृत्यु भोज ऐसी व्याप्त बुराइयों को जागरूकता के द्वारा समाप्त किया जा सकता है। छात्राओं के द्वारा महाविद्यालय प्रांगण की सफाई करके स्वच्छता का संदेश दिया। जिनमें रामेश्वरी, हंसा गुर्जर, अनू, प्रीति, मुस्कान, सुनिता, सुमन के द्वारा साक्षरता पर सामूहिक गीत की प्रस्तुति देकर शिक्षा के महत्व को बताया । अंत में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ . श्याम सुन्दर ने अपने उद्बोधन में कहा स्वामी विवेकानंद जी के प्रेरणा दायक विचार उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये, इस विचारधारा से राष्ट्रीय स्वयं सेविकाएं समाज व राष्ट्र निर्माण के साथ अपने व्यक्ति चरित्र का निर्माण करती हुई अच्छी नागरिक बन सकती है । प्रभारी रमेश मीणा ने भी विचार व्यक्त किए और बीएड प्राचार्या ने भी स्वयं सेविकाओं को अनुशासन में रहते हुए समाज हित में कार्य करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी डॉ . मधुरानी, राधा, निर्मला, सविता शर्मा, मोहन लाल प्रजापत उपस्थित थे।




रुपनगढ़. स्वा. विवेकानंद महिला कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना का स्थापना दिवस मनाया।

## महात्मा गांधी और स्वच्छता का विचार पर संगोष्ठी का आयोजन

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ़ में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में आज दिनांक 29.09.2022 को महात्मा गांधी और स्वच्छता का विचार – 'स्वच्छता ही सेवा' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. श्याम सुन्दर ने अपने उद्‌बोधन में जीवन में स्वच्छता के विविध आयामों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को स्वच्छता के महत्व को बताया। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अपने उद्‌बोधन के माध्यम से विद्यार्थियों को महात्मा गांधी और उनके स्वच्छता संबधी विचारों को विद्यार्थी जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता बताई। इस अवसर पर डॉ. मधुरानी चौहान, महाविद्यालय प्रभारी श्री रमेश मीणा, स्वंय सेवक उपस्थित रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने भी स्वच्छता संबधी अपने विचारों से स्वंय सेवकों को लाभान्वित किया।

# स्वच्छता अभियान 2.0 से संबंधित कार्यक्रम

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत दिनांक 01.10.2022 से 31.10.2022 तक स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत स्वंयसेवको ने महाविद्यालय परिसर, राष्ट्रीय सेवा योजना में गोद लिया गया स्थान मगरी के बालाजी, नूवा ग्राम आदि स्थानीय स्थलों की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश प्रदान कर स्वच्छता के प्रति जन सामान्य को जागरूक किया। साथ ही स्वच्छता संबधी विचार गोष्ठिया एवं जागरूकता हेतु गतिविधियों का आयोजन किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रीकरण एवं निषेध जागरूकता अभियान हेतु स्वंय सेवकों ने ढाणियों/बस्तियों में जाकर प्रचार–प्रसार किया तथा प्लास्टिक से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम एवं प्लास्टिक कचरा को एकत्रित कर उसका सुरक्षित स्थान पर निस्तारण करने के उपाय बताये। महाविद्यालय के स्वंय सेवकों ने पर्यावरण चेतना को जन–जन तक पहुचाने हेतु दृढ संकल्प के साथ यह कार्य बहुत ही समर्पित और सेवा भाव से किया। उनका मानना है कि यदि हमें कोरोना जैसी महा बीमारियों से बचना है तो पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखना होगा।







महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वंय सेवक गोद लिये गये स्थान में साफ–सफाई करते हुए

## स्वच्छ भारत अभियान : सफाई के बाद निकाली रैली, किया जागरूक



रूपनगढ़। स्वच्छ भारत योजना के तहत सफाई करते एनएनएस कार्यकर्ता।

रूपनगढ़ @ पत्रिका. कस्बे की स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत कार्यक्रम का उद्घाटन मंगरी बालाजी के महन्त सन्तोष दास ने किया। एनएसएस प्रभारी डॉ मधुरानी के निर्देशन में गोद लिए स्थान मंगरी बालाजी नुवा व रूपसागर तालाब पर रैली निकाल कर स्वच्छता सम्बधी नारे लगाते ग्रामीणों को जागरूक किया।

सचिव डॉ बी एल देवन्दा ने कहा कि स्वंय सेविकाओं को स्वच्छ भारत योजना में योगदान देने का आव्हान करते हुए सफाई को अपना ध्येय बाने को कहा। कार्यक्रम में बी एल भाकर, डॉ श्यामसुन्दर, डॉ रानू वार्ष्णेय, प्रभारी रमेश मीणा ने अपने विचार प्रकट किए। इस मौके पर पौधारोपण कर पेड़ बनने तक सम्भाल की शपथ ली।

दिनाङ्क 13/10/2022
राजस्थान पत्रिका

दैनिक भास्कर

पीसांगन

अजमेर, गुरुवार 13 अक्टूबर, 2022 | 6

## स्वच्छ भारत अभियान का किया शुभारंभ

रूपनगढ़| स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय में एनएसएस इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम का शुभारंभ किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मधुरानी के निर्देशन में कॉलेज के द्वारा गोद लिया गए मगरी के बालाजी, रूपसागर तालाब पर रैली निकाली गई। इसमें स्वयंसेविकाओं ने स्वच्छता के नारे लगाते हुए ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कॉलेज सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने स्वयं सेविकाओं को स्वच्छ भारत अभियान में योगदान देने का आह्वान किया। प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने कहा कि स्वच्छ भारत के गांधीजी के सपने को साकार करें। कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, बीएड प्राचार्य डॉ रेणु वार्ष्णेय, मगरी के बालाजी पुजारी संतोष दास, डॉ. सविता, निर्मला सहित अन्य उपस्थित थीं।

दिनाङ्क 13/10/2022
दैनिक भास्कर

## मनाया स्वच्छता दिवस



रूपनगढ़। स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय की ओर से बुधवार को स्वच्छता दिवस मनाया गया। सचिव डॉ. बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्यामसुन्दर, बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, प्रभारी रमेश मीणा व मगरी बालाजी के पुजारी सन्तोष दास ने पूरे मगरी बालाजी परिसर में सफाई करके स्वच्छता कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. मधुरानी के निर्देशन में महाविद्यालय की ओर से गोद लिए गए मगरी बालाजी व रूपसागर तालाब पर सफाई कार्य किया गया। ग्राम में रैली निकालकर ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। सचिव डॉ. देवन्दा ने रोगों से बचाव के लिए आसपास सफाई रखने की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. श्यामसुन्दर ने गोद लिए स्थान पर पौधे लगाकर उनकी देखरेख करने की शपथ दिलाई। प्रभारी रमेश मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। डॉ. सविता, निर्मला, राधा, सविता, सन्तरा, रेणु, सोनिका, नीतू, सुलोचना, शीतल मुस्कान, फिरदौस, सुनिता आदि स्वयम् सेविकाएं मौजूद थी।

पर्यवेक्षक ने किया शिविर का निरीक्षण

दिनाङ्क 13/10/2022 दैनिक नवज्योति

# विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में योगाभ्यास

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में शनिवार को फिट इण्डिया फ्रीडम रन के तहत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने योगाभ्यास किया।

छात्राओं ने उपक्षेत्र से प्लास्टिक का संग्रहण कर निस्तारण किया। सचिव डॉ. बीएल देवन्दा व अध्यक्ष बजरंगलाल भाखर ने नियमित रूप से योग करने और स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। प्राचार्य डॉ. श्यामसुन्दर ने शरीरिक स्वास्थ्य के लिये योग करने और मानसिक स्वास्थ्य के लिए ध्यान करने की अपील की। बी. एड. कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय व प्रभारी रमेश मीणा ने भी विचार व्यक्त किए। एनएसएस प्रभारी डॉ. मधुरानी, मोहन लाल प्रजापति, मंजु कुमावत, सुमन, हंसा, रेखा, राधा, सविता, रेणु, सोनिका, नीतू, शीतल, मुस्कान, सुनिता आदि स्वयंसेविकाएं उपस्थित थी।



रूपनगढ़। स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में योगाभ्यास करतीं छात्राएं।

-मीनाक्षी खण्डेलवाल

# दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे की स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी ने नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी व लालबहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण के साथ डॉ बीएल देवन्दा व बजरंगलाल भाकर ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ.मधुरानी ने नशा मुक्ति की प्रतिज्ञा दिलवाई। इस अवसर पर डॉ देवन्दा, प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्य डॉ रानू वार्ष्णेय, डॉ श्यामसुन्दर डूडी ने छात्राओं को महात्मा गांधी की विचारधारा पर चलने के लिए प्रेरित किया तथा विचारों से अवगत कराया।

## प्रथम–एक दिवसीय शिविर

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 12 अक्टूबर 2022 को प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्वंय सेवकों ने महाविद्यालय परिसर की साफ–सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया तथा श्रमदान किया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यता व स्वंय सेवक गण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एकता दिवस (सरदार पटेल जयन्ती)

महाविद्यालय में 31.10.2022 को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्रार्चाय ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को अक्षुण्य बनाये रखने की आवश्यता पर बल दिया। साथ ही महाविद्यालय के व्याख्याताओं एवं विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखण्डता और सुरक्षा को बनाये रखने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने कार्यक्रम का संयोजन किया।



अंचल

दैनिक नवज्योति

87 YEARS

dainiknavajyoti.com

### लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन पर डाला प्रकाश

# राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया, विद्यार्थियों-शिक्षकों ने ली शपथ


गोविंदगढ़


केकड़ी


नसीराबाद


पीसांगन


सावर


रूपनगढ़


बांदनवाड़ा


मसूदा

**केकड़ी।** सापन्दा रोड स्थित सुधासागर दिगंबर जैन विद्या विहार सीनियर सैकंडरी स्कूल में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक अजय जैन, प्रधानाचार्य एस एन खंडेलवाल, उप प्रधानाचार्य कैलाशचंद शर्मा ने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। स्कूल के समन्वयक श्रीनारायण शर्मा ने दोनों विभूतियों के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला् कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों एवं शिक्षकों को राष्ट्रीयता की शपथ दिलाई गई।

रन फॉर यूनिटी कार्यक्रमः ग्राम मोलकिया स्थित द वाइब्रेंट अकादमी विद्यालय द्वारा सोमवार को सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कृष्ण गोपाल कालेड़ा धर्मार्थ ट्रस्ट के प्रभारी आयुर्वेदाचार्य राजेश शर्मा मुख्य अतिथि, पूर्व सरपंच रामगोपाल गुर्जर व भगवन्त सिंह कालेडाकृष्ण गोपाल विशिष्ट अतिथि थे। समारोह से पूर्व रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया जो मोलकिया से प्रारंभ होकर स्कूल प्रांगण में समाप्त हुई। संस्था प्रधान किरण पारीक की अध्यक्षता में शाला में जयंती मनाई गई। अध्यापिका संगीता कुमावत ने पटेल के जीवन पर प्रकाश डाला। प्रोजेक्टर द्वारा सरदार पटेल के जीवन चरित्र को पर्दे पर भी दर्शाया गया तथा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। विजेता प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**महात्मा गांधी स्कूलः** महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय अंग्रेजी माध्यम पायलट में पटेल की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यालय प्रभारी

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती मनाई गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की रूपनगढ़ इकाई के तत्त्वावधान में सचिव डॉ. बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बीएड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, प्रभारी रमेश मीणा व एनएसएस प्रभारी डॉ. मधुबाला ने पटेल के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित व पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का आगाज किया। सचिव डॉ. देवन्दा ने पटेल को राष्ट्र की एकता व अखण्डता का प्रतीक बताते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई। प्राचार्य डॉ. श्यामसुन्दर ने पटेल को भारत को कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक एक सूत्र में पिराने वाला महान शख्स बताया। प्रभारी रमेश मीणा , व्याख्याता डॉ. सविता, निर्मला, राधा आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए।

राणा ने युवाओं को एकता की शपथ दिलवाई गई तथा उपखंड परिसर में स्वच्छता श्रमदान किया गया। राजकीय औद्योगक प्रशिक्षण संस्थान मसूदा में एकता दौड़ का आयोजन किया गया। जिसमें 30 युवाओं ने भाग लिया है। कनिष्ठ अभियंता कमलेश कुमारी कायत ने हरी झंडी दिखाकर एकता दौड़ का शुभारंभ किया गया। दौड़ के माध्यम से सामाजिक एकता का परिचय दिया गया। कार्यक्रम में अनवर काठात, देवेन्द्र, सरकार सिंह रावत, मधु रावत मौजूद थे। इसी प्रकार राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राघपुरा के संस्था प्रधान रतन सिंह देवड़ा ने बताया कि सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया जबकि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर समाजसेवी बुद्धा काठात, मेवा सिंह रावत, सीताराम,

के ग्राम अखेपुरा में सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में एकता दिवस पर रैली निकाली गई। इस दौरान गोविंदगढ़ सरपंच जगपाल सिंह शेखावत, ओमप्रकाश चौधरी, पूर्व सरपंच जसवंतपुरा पप्पूराम कुमावत, उप सरपंच प्रतिनिधि जिला महामंत्री रमेश सिंह रावत, पूर्व उपसरपंच सरवन सिंह रावत ,शिवकरण कुमावत ,समाजसेवी गुमान सिंह रावत,

स्थान माया चौधरी, द्वितीय स्थान मनस्वी यादव व तृतीय स्थान रीना राठौर ने प्राप्त किया। डॉ. गजेंद्र मोहन ने सरदार पटेल की जीवनी एवं रियासतों के एकीकरण के संदर्भ में पटेल के योगदान के विषय में विचार प्रस्तुत किए। डॉ. विश्वामित्र वैष्णव ने राष्ट्रीय आंदोलन एवं प्रथम उप प्रधानमंत्री के रूप में सरदार पटेल की भूमिका पर विचार विमर्श किए।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 11 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय शिक्षा दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने की। इस अवसर पर उन्होंनें अपने उद्बोधन में आज के संदर्भ में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने स्वंय सेवकों से आह्वान किया कि ग्रामीण व दूर दराज के क्षेत्रों में जहॉ आज भी शिक्षा का प्रायः अभाव देखा जाता है, जागरूकता हेतु प्रचार–प्रसार के माध्यम से अज्ञानता के अंधकार को दूर करने का प्रयास करें।

## कौमी एकता सप्ताह

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में दिनांक 19–25 नवम्बर तक कौमी एकता सप्ताह मनाया गया इस अवसर पर महिला शिक्षा, स्वास्थ्य एवं रोजगार से सम्बन्धित विचारगोष्ठी का आयोजन किया गया। महिला सशक्तिकरण एवं जेण्डर आधारित हिंसा एवं बाल श्रम मुक्ति के संदर्भ में व्याख्यानमाला का आयोजन किया। समाज में सामाजिक–सांस्कृतिक एकता बनाये रखने हेतु एन.एस. एस. के अन्तर्गत गोद लिये गये स्थान मगरी के बालाजी, नूवा ग्राम में रैली निकालकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

कौमी एकता सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय एकता, धर्म निरपेक्षता एवं अहिंसावादी विचारों, समाज में कमजोर वर्ग के प्रति सहानुभूति और सहयोग, बाल श्रम के विरोध में जागरूकता की आवश्यकता, समाज में स्वच्छता के अभाव में फैल रही कोरोना जैसी महामारी, महिला सशक्तिकरण, महिला शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा, वर्तमान में महिलाओं के विरूध हिंसा विरोधी, सूचना का अधिकार, संविधान में वर्णित मूल कर्त्तव्यों जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें महाविद्यालय व्याख्यातओं व स्वंय सेवकों के अतिरिक्त बी.एड. प्रार्चाय डॉ. रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल.देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर ने सम्मिलित होकर अपने विचारों से स्वंयसेवकों को लाभान्वित किया। जिससे स्वंय सेवक समाज में इन विचारों को सामान्य जनमानस तक पहुचा सकें।

# संविधान दिवस

महाविद्यालय में दिनांक 26.11.2022 को संविधान दिवस के उपलक्ष्य में विचार संगोष्ठी आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने की। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के माध्यम से प्राचार्य ने संविधान के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में बोलते हुए डॉ. मधुरान चौहान ने डॉ. अम्बेडकर और संविधान के संरचनात्मक परिदृष्य को देश की एकता और अखण्डता के संदर्भ में प्रस्तुत किया। संविधान दिवस के अवसर पर डॉ. रानू वार्ष्णेय, डॉ. बी.एल. देवन्दा, श्री बजरंग लाल भाकर, महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने भी अपने विचारों से सभागार में उपस्थित विद्यार्थियों को लाभान्वित किया।







''राष्ट्र की एकता एवं अखण्डता में डॉ. अम्बेडकर का योगदान' विषय जिला स्तरीय निम्बन्ध प्रतियोगिता

# में सभी को मिला समानता का अधिकार

की ओर से
ल कंसोटिया
सोटिया, पूर्व
द कांसोटिया
चंद बड़ौला
र के अध्यक्ष
वी पारसमल
को समानता
म्मान पूर्वक
किसी बाधा
इस अवसर
ड़वाल, चेतन
ादि वक्ताओं
कलांग संघ
नोनिया, नरेंद्र
म दब किया।

ा छात्रावास
ा आ न
ाम पं व
डॉ. भीमराव
का संविधान
है। देश की
पालन करते
का सम्मान
स्य कैलाश
ार, लोकेश
ओं ने डॉ.
अर्पित कर

जिलाध्यक्ष
को रामचंद्र
र्क अभियान
रत लोकतंत्र
घोषणा की
प में मनाया
आज कई
समीकरणों
वधान समय
रामस्वरूप
नीता मि
गोयर, प्रदेश
को संबोधित
पूचित मोर्चा
णा की गई।
ा संयोजक
कि पर विधि
सतीश गौड़,
र, एडवोकेट
अनिल वर्मा,
है।
वधान दिवस
मनाया गया।
वेन्द्र कुमार
हार, आशा
ादि उपस्थित
ी आयोजित
र राजकीय
र्या सोनाली
त्या, प्रेमराज
तहत निबंध
ति जागरूक
महासंघ के
पूर्व चेयरमैन
माणकचंद
टीकमचंद
में मनाया
जीनगर,



केकड़ी



नसीराबाद



रूपनगढ़



पुष्कर



श्रीनगर



देवली



टांटोटी



पीसांगन



भीम



राजोसी

प्रशांत मेहरा, राजेश गोमा, हरीश गोमा, भंवरसिंह राठौड़, मूलचंद, अरुणा गोस्वामी, प्रेमचंद जीनगर आदि मौजूद रहे। अम्बेडकर सर्किल स्थित अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयकारे भी लगाए।

**पुष्कर।** गायत्री शक्तिपीठ कन्या महाविद्यालय में संविधान दिवस के मौके पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। एनएसएस की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरेश वैष्णव ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद एनएसएस प्रभारी विजयलक्ष्मी शर्मा के नेतृत्व में स्वयं सेविकाओं ने बजरंग कॉलोनी में जन जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान छात्राओं ने शहीदों के लहू की स्याही से यह संविधान बना है, हर दिन संभाल कर रखो मेरा देश महान बना है के नारे लगाए। साथ ही स्वयं सेविकाओं को नागरिक अधिकारों जानकारी दी गई। राजनीति विज्ञान की व्याख्याता डॉ. अंजलि सक्सेना ने संविधान दिवस की महत्ता पर प्रकाश डाला तथा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई। अंत में स्टॉफ सहित सभी छात्रों ने संविधान की पालना करने की शपथ ली।

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय व स्वामी विवेकानन्द शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। स्वामी विवेकानन्द महिला महाविालय में सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी. एड. कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, प्रभारी रमेश मीणा आदि ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सचिव डॉ. देवन्दा ने राष्ट्र में संविधान के महत्व के बारे में बताते हुए डॉ. भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय व डॉ. श्याम सुन्दर ने आगन्तुक अतिथियों का स्वागत किया। प्रभारी रमेश मीणा ने डॉ. अम्बेडकर की शिक्षाओं को जीवन में उतारने का आह्वान किया। अन्त में राष्ट्र की एकता व अखण्डता में डॉ. अम्बेडकर के योगदान पर निबन्ध प्रतियोगिता में पिंकी, राजू, शीतल, कोमल, सुनिता, मीनाक्षी, मुसकान, रेणु, ज्योति, मोनिका आदि छात्राओं ने हिस्सा लिया। राजकीय महाविद्यालय में कॉलेज स्टॉफ व विद्यार्थियों ने संविधान की शपथ ली। नोडल प्रभारी डॉ. राकेश कुमार वर्मा एवम् डॉ. नन्दसिंह के निर्देशन में संविधान की प्रस्तावना का विवेचन किया गया। आदर्श ग्राम पंचायत के सरपंच हाजी इकबाल छीपा ने बताया कि विद्यार्थियों को संविधान निर्माण के बारे में बताया गया तथा डॉ. भीमराव अम्बेडकर का स्मरण किया। डॉ. विजय कुमार ने लोकतन्त्र की मजबूती के लिए 17 वर्ष से अधिक आयु के छात्र-छात्राओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए कहा। डॉ. नीलम शर्मा ने लोकतन्त्र में महिलाओं की भागीदारी विषयक उद्बोधन दिया।

**श्रीनगर।** दांता बीर चौराहा नसीराबाद रोड स्थित हुकुमचंद नोबल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में शनिवार को संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान स्वयंसेवकों को संविधान के संरक्षण की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम अधिकारी रत्ना गौड़ ने स्वयंसेवकों को बताया कि हमारा संविधान भारत का सर्वोच्च विधान है। जो संविधान सभा द्वारा 26 जनवरी 1949 को पारित हुआ और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। यह दिन 26 नवम्बर भारत के संविधान दिवस के रूप में घोषित किया गया। इस दौरान निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

**पीसांगन।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना+2 स्तर की इकाई द्वारा विद्यालय परिसर में संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुकदर (प्रधानाचार्य, राउमावि घोड़वाड़ ज़िला पाली) ने स्वयंसेवकों को संविधान बनने की प्रक्रिया के बारे में बताया। इसके बाद कार्यक्रम अधिकारी धर्मेन्द्र सिंह द्वारा स्वयंसेवकों को संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ दिलाई गई। संविधान के निर्माण में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद स्वयंसेवकों द्वारा विद्यालय परिसर में साफ सफाई व पेड़-पौधों को पानी पिलाया गया।

**भिनाय।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को भारत के संविधान का 73वां स्थापना दिवस मनाया गया। छात्र-छात्राओं को व्याख्याता लालाराम रैगर द्वारा संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) का सामूहिक वाचन करवाया गया। रैगर ने राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में डॉक्टर बी. आर. अंबेडकर के योगदान पर भी प्रकाश डाला। वहीं वर्तमान परिदृश्य में आम भारतीय नागरिकों के लिए भारतीय संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों और कर्तव्य के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को सजग रहकर अधिकारों का उपयोग और कर्तव्यों की पालना करनी चाहिए। इस दौरान अध्यापक सज्जन सिंह, पवन कुमार जोशी, लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

**राजोसी।** लॉर्ड्स मेरी मिशन स्कूल खाजपुरा में शनिवार को बाल मेले का आयोजन हुआ। मेले का शुभारम्भ उर्मिला रावत ने फीता काटकर किया गया। बच्चों ने गानों पर डांस प्रतियोगिता का आनंद उठाया। खिलौने की स्टाल व कचौड़ी, समोसा, चाट मसाला, मसाला पापड़, पेस्टी, खमण, पानीपुरी व अन्य प्रकार की स्टालें लगाई। इस दौरान शाला डायरेक्टर राजेश रावत आदि मौजूद थे।

**भीम।** श्रीजी पब्लिक सैकण्डरी स्कूल में शनिवार को संविधान दिवस पर संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी अशोक पोखरना, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष महेन्द्र कोठारी व समाजसेवी राजू वैष्णव थे। इस दौरान श्रीजी पब्लिक सैकण्डरी स्कूल के निदेशक मनोज तोमर, विद्यालय व्यवस्थापक कुलदीप तोमर, प्रिंसिपल मनीष, धीरज तोमर, सोनू टाक अध्यापिका, अनिता, मनोज सम्पूर्ण आदि मौजूद थे।

**टांटोटी।** राजकीय महाविद्यालय टांटोटी में शनिवार को संविधान दिवस का आयोजन किया गया। राष्ट्र की एकता और अखंडता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का योगदान विषय पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 7 विद्यार्थियों ने भाग लिया। महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी सुनील वर्मा ने बताया कि सर्वप्रथम संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया। निबंध प्रतियोगिता की समाप्ति के बाद प्रभारी अधिकारी ने संविधान दिवस की महत्ता संविधान के मूलभूत सिद्धांत और संविधान निर्माण में डॉक्टर अंबेडकर की भूमिका से संबंधित विचार छात्रों के समक्ष रखें।

**देवली।** तालुका विधिक सेवा समिति द्वारा शनिवार को संविधान दिवस पर न्यायालय परिसर में न्यायिक मजिस्ट्रेट लोकेश कुमार मीणा की मौजूदगी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। [illegible] बच्चों के अवैध व्यापार को रोकने पर विशेष जोर देते हुए जुवेनाइल जस्टिस एक्ट व बार अधिकारों, नारी सम्मान, सुरक्षा व गौरव, विधिक सशक्तिकरण को संरक्षित और बढ़ावा देने पर जोर दिया। कार्यक्रम में पैनल लॉयर अनिल भूरेटा ने विभिन्न कानूनी जानकारी दी। पैनल लॉयर बंसीलाल कलवार द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई। नगर पालिका सभागार में ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मोतीलाल ठागरिया, बाल विकास परियोजना अधिकारी रिचा भाटी ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों आदि की जानकारी दी।

# विश्व एड्स दिवस

महाविद्यालय में 01 दिसम्बर 2022 को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. बी.एल. देवन्दा ने अपने उद्बोधन में युवाओं को एड्स जैसी लाइलाज बीमारी के कारण एवं बचने के उपायों पर पर प्रकाश डाला। मंचासीन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर एवं महाविद्यालय के व्याख्याताओं द्वारा एड्स जैसी घातक बीमारी के कारणों एवं इनके उपायों पर विचार मंथन किया गया। कार्यक्रम के उपरान्त स्वंय सेवकों ने गोद लिए गये स्थान मगरी के बालाजी, ग्राम नूंवा व आस–पास के रिहायसी क्षेत्रों में जाकर समाज के लिए अभिशाप माने जाने वाली बीमारी एड्स के रोकथाम व बचाव के संदर्भ में लोगों को जानकारी दी। विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।






विश्व एड्स दिवस पर पोस्टर व निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन

## National Conference on N.E.P.2020 में स्वंयसेवकों ने किया सहयोग

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में आज दिनांक 10.12.2022 को नेशनल कॉन्फ्रेस का आयोजन किया गया। जिसका विषय : N.E.P. of India 2020 था। इसके मुख्य अतिथि प्रो. अरविन्द पारीक चीफ प्रोक्टर एम.डी.एस. यूनिवर्सिटी, अजमेर थे। नेशनल कॉन्फ्रेस के मुख्य वक्ता डॉ. परसूराम धाकड़ Dean Academics RDC chairman sabarmati university, ahmedabad, Dr. D.K. Sharma Regional Director V.M.O.U. Kota, Dr. Ranu Varshney, Principal B.Ed Department S.V.S.P.M. Roopangarh रहे। वक्ताओं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं तथा क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कॉन्फ्रेस के Convener डॉ. श्याम सुन्दर, प्राचार्य स्वामी विवेकानन्द महिला

महाविद्यालय, रूपनगढ एवं Co-Convener डॉ मधु रानी चौहान एसिस्टेण्ट प्रो. स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय, रूपनगढ थे। कॉन्फेंस में स्वांमी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय के स्वंय सेवकों ने सेवा और श्रम की महत्ता का सार्थक करते हुए अपना अप्रत्याशित सहयोग प्रदान किया।

स्वामी विवेकानन्द महिला कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर चर्चा



**रूपनगढ़.** कस्बे के स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रतिभागी को सम्मानित करते अतिथि। पत्रिका

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे की स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन तीन सत्र में संपन्न हुआ। एनईपी ऑफ इन्डिया 2020 विषय पर आधारित इस संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अरविन्द पारीक चीफ प्रोक्टर एमडीएस विश्व विद्यालय अजमेर थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ बीएल देवन्दा व बजरंगलाल भाकर ने दीप प्रज्वलित कर किया। राष्ट्रीय संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. परशुराम धाकड़ डीन एकेडमिक आरडीसी अध्यक्ष साबरमती यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, डॉ.डी.के. शर्मा सम्भागीय निदेशक, डॉ. रानू वार्ष्णेय आदि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के विभिन्न पहलुओं व क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से बताया। प्राचार्य डॉ. श्यामसुन्दर, डॉ. मधुरानी चौहान व रमेश मीणा ने भी अपनी बात कही।

तीन सत्र में आयोजित इस संगोष्ठी में डॉ. सीताराम चौधरी, डॉ. देवन्दा व बी एल भाकर ने अध्यक्षता की। नेशनल कॉन्फ्रेंस में देश भर के प्रतिभागी ऑनलाइन भी जुडे जिसमें दिलीप शर्मा क्षेत्रीय निदेशक कोटा खुला विश्वविद्यालय, डॉ. अंजू चपलोत व ऋतु अग्रवाल मुबंई विवि, उपासना शर्मा लखनऊ विवि, सुनिता भार्गव राजस्थान विवि सहित विभिन्न महाविद्यालयों के शोध छात्र छात्राओं ने अपने विचार प्रकट किए। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी मे पांच सौ से ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया।




## विश्व मानवाधिकार दिवस

महाविद्यालय में 10 दिसम्बर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वाधान में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्‌बोधन में मानव सबंधी मूल अधिकारों पर प्रकाश डाला। वर्तमान की स्थिति पर चिंता प्रकट करते हुए सामान्य जन के लिए जागरूकता की आवश्यता पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ. बी.एल देवन्दा, डॉ. रानू वार्ष्णेय, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मधुरानी चौहान ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं स्वंय सेवक उपस्थित हुए।

## द्वितीय–एक दिवसीय शिविर


महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 13 दिसम्बर 2022 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर में साफ–सफाई श्रमदान किया। वस्तुतः स्वच्छता कार्यक्रम नेतृत्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मधुरानी चौहान ने किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुंदर एवं व्याख्याताओं ने उपस्थित रहकर स्वंय सेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## नेत्रदान जागरूकता शिविर

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 23.12.2022 को समाज हित के लिए ऑन–लाईन नेत्रदान जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम कि स्पीकर सुदर्शना शेखावत, सीनियर मैनेजर आई बैक सोसायटी ऑफ राजस्थान से थी। इन्होने छात्राओं को नेत्रदान करने के संबध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।



# ऑन लाइन शिविर में दी नेत्रदान से जुड़ी जानकारी



**रूपनगढ़.** नेत्रदान जागरुकता शिविर में मौजूद छात्राएं।

**रूपनगढ़ @ पत्रिका.** कस्बे की स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तहत ऑन लाइन नेत्रदान जागरुकता शिविर संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ.बी.एल. देवन्दा, बजरंगलाल भाकर, प्राचार्य श्यामसुन्दर, डॉ. रानू वार्ष्णेय तथा प्रभारी रमेश मीणा ने किया। कार्यक्रम की स्पीकर सुदर्शना शेखावत वरिष्ठ प्रबंधक आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान ने छात्राओं को नेत्रदान के बारे में विस्तार से बताते हुए इस संबध में फैली भ्रान्तियों से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं द्वारा किए प्रश्नों का क्रमवार उत्तर भी दिया। प्रश्नोत्तरी में 40 छात्राओं ने भाग लिया। ईबीएसआर की ओर से बीस मिनट की नेत्रदान से सम्बंधित फिल्म भी दिखाई। एनएसएस प्रभारी मधुरानी, रमेश मीना सहित अनेक वक्ताओं ने भी अपने विचार प्रकट किए।

# राष्ट्रीय युवा दिवस

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वाधान में दिनांक 12 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में अपना उद्बोधन देते हुए डॉ बी.एल. देवन्दा ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि विवेकानन्द के जीवन और उनके समाजवादी दर्शन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में डॉ. श्याम सुन्दर ने वर्तमान में स्वामी विवेकानन्द के विचारों की प्रासंगिता को रेखांकित किया। इस अवसर पर शिविर के अन्तर्गत स्वास्थ्य जांच  का आयोजन रखा गया जिसमें स्वंय सेविकाओं का रक्त, हिमोग्लोबिन, ब्लड–प्रेसर की जांच राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रूपनगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार रेडियोग्राफर हेमेन्द्र सिंह, लैब असिसिटेंट घनश्याम वैष्णव के द्वारा 60 छात्राओं की जांच की गई एवं विद्यार्थियों के रक्त परिक्षण एवं उनके स्वास्थ्य व चिकित्सा सम्बन्धी उक्त डिजिटल प्लेटफॉर्मस के सम्बन्ध में जागरूकता प्रदान की गई।

12 जनवरी से 18 जनवरी 2023 तक राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसके अन्तर्गत गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत नंवा एवं अन्य आसपास के क्षेत्रों में जाकर स्वंय सेवकों ने जनमानस को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान, नशा मुक्ति अभियान, सड़क सुरक्षा सबंधी जानकारी दी तथा स्वंय सेवकों द्वारा श्रमदान किया गया।

# स्वामी विवेकानन्द के आदर्श जीवन में अपनाएं

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रूपनगढ़. राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन समारोह में कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि। पत्रिका



रूपनगढ़. राष्ट्रीय युवा सप्ताह के समापन समारोह में मौजूद लोग।

**रूपनगढ़.** कस्बे की स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय युवा सप्ताह का समापन समारोह पूर्वक बुधवार को हुआ। मुख्य अतिथि एमडीएस विश्वविद्यालय के उपकुलपति अनिलकुमार शुक्ला, अध्यक्ष इन्डिया पॉलिसी फाउन्डेशन की चेयरमेन शीला रॉय, सचिव डॉ बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंगलाल भाकर, प्रधान रामचन्द्र थाकण, सरपंच इकबाल छीपा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उपकुलपति शुक्ला ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज के युवाओं को स्वामी विवेकानन्द के आदर्श अपनाकर अपने व्यक्तित्व का निर्माण कर राष्ट्र व समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने पाश्चात्य संस्कृति को नही अपनाकर भारतीय संस्कृति को अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर सांस्कृतिक, साहित्यक, खेलकूद, एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतियोगियों को पुरस्कृत किया। विद्यार्थियों ने वारद विवाद, श्रुति लेखन, पोस्टर, कवितापाठ, आशु भाषण, ओथलिटिक, कबड्डी, भालाफेंक, तश्तरी सहित विविपध प्रतियोगिताओ में बढ़चढ कर भाग लिया। प्राचार्य श्यामसुन्दर, प्रभारी रमेश मीणा, डॉ रानू वार्ष्णेय ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ समापन हुआ।

# विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में मनाया स्वास्थ्य दिवस

**रूपनगढ़।** स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय में बुधवार को विश्व बालिका दिवस मनाया गया।



सचिव डॉ. बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी एड कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय व प्रभारी रमेश मीणा ने मां सरस्वती के चित्रपट के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। सचिव डॉ. देवन्दा ने कहा कि स्वास्थ्य सबसे बड़ी प्राथमिकता है और हमें स्वास्थ्य के प्रति जागरुक रहना चाहिए। शिविर में साठ छात्राओं का रक्त जांच, हीमोग्लोबिन, ब्लडप्रेशर जांच आदि किया गया। इसमें रेडियोग्राफर हेमेन्द्र सिंह व घनश्याम वैष्णव ने सेवाएं दीं। विद्यार्थियों को चिकित्सा सम्बन्धी डिजिटल प्लेटफार्म्स की जानकारी दी। तदनन्तर महाविद्यालय के स्टाफ की भी जांच की गई।

## मतदाता जागरूकता दिवस

महाविद्यालय में दिनांक 25 जनवरी 2023 को राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने अपने उद्बोधन में भारतीय लोकतन्त्र को मजबूत करने हेतु मतदान के प्रति समाज में जागरूकता की आवश्यता पर बल दिया। कार्यक्रम में व्याख्याताओं ने अपने विचार प्रकट किए। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने स्वंय सेवकों एवं व्याख्याताओं को मतदान की शपथ दिलाई।

## गणतंत्र दिवस

26 जनवरी 2023 को महाविद्यालय परिसर में गणतंत्र दिवस मनाया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने झण्डारोहण किया। इस अवसर पर स्वंय सेवकों ने पौधों को जल सींचा तथा महाविद्यालय परिसर में श्रमदान किया।

## अन्तरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में स्वंयसेवकों ने किया सहयोग

राजकीय महाविद्यालय, दूदू, जयपुर में 27–28 जनवरी 2023 को पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक शासन विषय पर दो दिवसीय अन्तरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में स्वांमी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय के स्वंय सेवकों ने सेवा और श्रम की महत्ता का सार्थक करते हुए अपना अप्रत्याशित सहयोग प्रदान किया।

## शहीद दिवस

30 जनवरी 2023 को शहीद दिवस पर महात्मा गांधी जी की याद में महाविद्यालय परिसर में प्रातः 11:00 बजे दो मिनट का मौन रखा गया तथा व्याख्याताओं, स्वंय सेवक, विद्यार्थियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

# तृतीय–एक दिवसीय शिविर

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. ईकाई, रूपनगढ़ के तत्वाधान में गोद ग्राम मगरी का बालाजी रूपसागर तालाब में दिनांक 27.02.2023 को पेड़–पौधों की सफाई की गई तथा पौधों को पानी दिया गया। एन.एस.एस. ईकाई की सभी छात्राओं ने श्रम दान किया।

महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं डॉ. श्यामसुन्दर डुडी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यार्थियो को वृक्षा रोपण के महत्व से अवगत कराया ।

## एनएसएस की छात्राओं ने किया श्रमदान



रूपनगढ़| रूपनगढ़ में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय रूपनगढ़ की एन.एस.एस. ईकाई के तत्वाधान में गोद लिए हुए ग्राम मगरी का बालाजी रूपसागर तालाब में सोमवार को पेड़-पौधों की सफाई की गई तथा पौधों को पानी दिया गया। एन.एस.एस. इकाई की सभी छात्राओं ने श्रमदान किया। महाविद्यालय के प्रभारी रमेश मीणा, प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय एवं डॉ.श्यामसुन्दर डूडी द्वारा धन्यवाद ज्ञापित कर विद्यार्थियों को वृक्षारोपण के महत्व से अवगत कराया।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने वर्तमान में महिला सशक्तिकरण की आवश्यता बतायी। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मधुरानी चौहान ने वर्तमान संदर्भो में महिलाओं के लिए सुरक्षा संबंधी जागरूकता पर प्रकाश डाला। इनका मानना था कि आवश्यकता है कि महिला शिक्षित होकर अपने अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक बने। इसी तरह महिला प्रकोष्ठ की प्रभारी विजय लक्ष्मी कुमावत ने सामाजिक कुरीतियों के निवारण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने अपने उद्‌बोधन के माध्यम से समाज में महिला सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर चिंता प्रकट की।

कार्यक्रम अधिकार                                        प्राचार्य

# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय,रूपनगढ़(अजमेर)

## राष्ट्रीय सेवा योजना

## सात दिवसीय विशेष शिविर

## सत्र 2022–23

### स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़

### सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )

### (12.01.2023 से 18.01.2023 तक)

1. राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर उद्घाटन एवं स्वास्थ्य परीक्षण :– हिमोग्लोबिन, रक्त, हृदय–गति , रक्त–चाप
2. नवां ग्राम में मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब के बालाजी मंदिर में साफ–सफाई एवं पौधा–रोपण, मोबाईल के दुष्प्रभाव का नुक्कड़ नाटक द्वारा मंचन।
3. खेल प्रतियोगिता का आयोजन–चम्मच कंचा, रेस, तीन टांग, भार–संतुलन, तस्तरी फेंक, भाला फेंक, चेयर रेस।
4. मेहन्दी प्रतियोगिता का आयोजन।
5. रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन।
6. योग एवं व्यायाम का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अभ्यास।
7. समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम।

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़

सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )

( उद्घाटन एवं स्वास्थ्य परीक्षण 12.01.2023 )

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज उद्घाटन एवं स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर एवं समाज सेवी रामबक्श डूडी, महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी.एड. प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय , कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा ने सरस्वती माता के चित्रपट पर माल्यार्पण करके कार्यक्रम की शुरूवात की। एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधु रानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों ने स्वास्थ्य परीक्षण ब्लड ग्रुप, हिमोग्लोबिन, बी.पी., प्लस रेट की रेडियोग्राफर हेरेन्द्र सिंह, लैब असिसिटेंट घनश्याम वैष्णव के द्वारा जांच की गईं। इसी के साथ एन.एस.एस. संवय सेवकों द्वारा 26 वॉ राष्ट्रीय युवा सप्ताह का शुभांरभ किया गया। इस दिन स्वामी विवेकानन्द की 160 वीं जंयती  मनाई गई।

सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।



न्यूज ब्रीफ

चिकित्सा शिविर में 60 छात्राओं की जांच

रूपनगढ़। स्वामी विवेकानंद गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता (एबीएचए) की जागरूकता के लिए एनएसएस इकाई के तत्वावधान में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 60 छात्राओं और स्टाफ की बीपी, हिमोग्लोबीन सहित अन्य जांच की गई। इससे पहले शिविर का उद्घाटन कॉलेज सचिव डॉ . बीएल देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, बीएड प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने किया। शिविर में राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के रेडियोग्राफर हेमेन्द्र सिंह, लैब असिस्टेंट घनश्याम वैष्णव ने छात्राओं की जांच की। इस अवसर पर व्याख्याता राधेरानी, सविता शर्मा, निर्मला, डॉ . मधुरानी , मोहन लाल प्रजापत सहित अन्य मौजूद थे। प्राचार्य डॉ . श्याम सुन्दर ने आभार व्यक्त किया।

दैनिक भास्कर

किशनगढ़ 13-01-2023

# उठो जागो और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर एवं राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उद्घाटन

भास्कर न्यूज़ | रूपनगढ़



में स्वामी विवेकानंद महिला महाविद्यालय की एन. एस. एस. ईकाई, रूपनगढ़ के तत्वावधान में गोद लिए हुए ग्राम मगरी में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर एवं राष्ट्रीय युवा सप्ताह का उद्घाटन महाविद्यालय सचिव डॉ.बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर, प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी.एड. प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा ने किया। महाविद्यालय अध्यक्ष बजरंग लाल भाखर ने अपने उद्बोधन में कहा कि उठो जागों और तब तक नहीं रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाए। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी. एल. देवन्दा ने भी अपने उद्बोधन में कहा कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। इसी दौरान शिविर के अन्तर्गत स्वास्थ्य जांच का आयोजन रखा गया जिसमें स्वयं सेविकाओं की हिमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर की जांच राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रूपनगढ़ के मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशानुसार रेडियोग्राफर हेमेन्द्र सिंह, लैब असिसटेंट घनश्याम वैष्णव के द्वारा 35 छात्राओं की जांच की गई एवं विद्यार्थियों के रक्त परीक्षण एवं उनके स्वास्थ्य व चिकित्सा सम्बन्धी उक्त डिजिटल प्लेटफार्म के सम्बन्ध में जागरूकता प्रदान की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने अपने उद्बोधन में स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को अपनाकर अपने व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण करने तथा एक अच्छे नागरिक बने तथा राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने का संकल्प ले। महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा ने आगन्तुक अतिथियों का एवं समस्त छात्र-छात्राओं का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। महाविद्यालय व्याख्याता राधेरानी, सविता शर्मा, निर्मला, मोहन लाल प्रजापत, एन.एस.एस प्रभारी डॉ. मधुरानी आदि उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़
## सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )
## ( साफ–सफाई एवं पौधा–रोपण 13.01.2023)

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज साफ–सफाई एवं पौधा रोपण किया गया। कॉलेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाखर एवं ग्राम निवासी अमरचंद जी, आरती देवी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी.एड. प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय , कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा ने सरस्वती माता के चित्रपट के सामने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूवात की।

गोद लिए गांव मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब में साफ–सफाई एवं पौधा रोपण एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों के द्वारा ग्रुप बनाकर किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर द्वारा पौधा रोपण करके की गई। इसके के साथ एन.एस.एस. स्वंय सेवकों के द्वारा नुक्कड–नाटक के माध्यम से मोबाईल के नकारात्मक प्रभावों को समझाया गया।

सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।





**स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़**
**सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )**
**(खेल प्रतियोगिता का आयोजन 14.01.2023)**

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर ने गोला फेंक कर की। इस कार्यक्रम में ग्राम निवासी उगमा राम डूडी, रामनारायण भादू , प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय, कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा उपस्थित थे।

एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों के द्वारा ग्रुप बनाकर निम्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

1. लम्बी कूद
2. गोला फेंक
3. चम्मच कंचा रेस
4. भार संतुलन
5. तीन टांग रेस
6. 100 मीटर दौड
7. 200 मीटर दौड

इसमें सभी स्वंयसेवको ने बढ–चढकर हिस्सा लिया। निर्णायक कर्त्ता समूह के द्वारा मूल्यांकन कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान दिया गया। सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।









## स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़

### सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )

### (मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन 15.01.2023)

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रानू वार्ष्णेय ने मेंहदी लगवाकर की। इस कार्यक्रम में ग्राम निवासी पूर्व सरपंच छोटी देवी, बालाजी मंदिर पूजारी संतोषदासजी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, कॉलेज प्रभारी श्री रमेश मीणा उपस्थित थे।

एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों ने अपने–अपने ग्रुप लीडर के नेतृत्व में मेंहदी प्रतियोगिता भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा आंकलन करके सोनिका वैष्णव प्रथम स्थान, मुस्कान बानों द्वितीय स्थान, अनुराधा तृतीय स्थान पर रही।

सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।



# स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़

## सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )

## (रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 16.01.2023)

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की एन.एस.एस के गीत ''उठे समाज के लिए उठे–उठे, जगे स्वराष्ट्र के लिए जगें–जगें'' से की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्रभारी रमेश मीणा के द्वारा की गई। इस कार्यक्रम में ग्राम निवासी वार्ड पंच लीला देवी, आरती देवी डूडी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी.एड. प्राचार्य रानू वार्ष्णेय उपस्थित थे।

एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों ने अपने–अपने ग्रुप लीडर के नेतृत्व में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा आंकलन करके प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान, तृतीय स्थान प्रदान किया गया।

सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।



## स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़

## सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )

## (योग एवं व्यायाम का आयोजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम अभ्यास 17.01.2023)

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर में आज योग एवं व्यायाम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम की शुरूआत महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष श्री बजरंग लाल भाकर द्वारा व्यायाम करवाकर की गई। इस कार्यक्रम में ग्राम निवासी कमला देवी, सुशीला देवी, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, बी.एड. प्राचार्य रानू वार्ष्णेय, महाविद्यालय प्रभारी रमेश मीणा उपस्थित थे।

महाविद्याल सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा के द्वारा महाविद्यालय एन.एस.एस स्वंय सेवकों का योग एवं व्यायाम के महत्व के बारे में बताया। योग हमारी जीवन पद्वति है जो प्राचीन समय से ही हमारे जीवन का महत्वपूर्ण अंग रही है। इसको अन्तराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून ) के रूप में संपूर्ण विश्व ने स्वीकार किया है। इसीके तहत योग एवं व्यायाम की महत्ता को युवा वर्ग सरकार व शिक्षा विभाग ने भी मान्यता दी है।

एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. मधुरानी चौहान के निर्देशन में एन.एस.एस. स्वंय सेवकों ने अपने–अपने ग्रुप लीडर के नेतृत्व में योग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का अभ्यास किया। सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।



## स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस ईकाइ, रूपनगढ़
## सात दिवीसीय शिविर (गोद ग्राम मगरी के बालाजी रूपसागर तालाब ग्राम पंचायत–नंवा )
## (समापन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम 18.01.2023)

स्वामी विवेकानन्द महिला महाविद्यालय एन.एस.एस. ईकाइ, रूपनगढ़ के तत्वाधान में राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर का समापन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय अजमेर के माननीय कुलपति प्रो. अनिल शुक्ला, अध्यक्षता इंडिया पॉलिसी फाउण्डेशन नई दिल्ली की चेयरमैन प्रो. शिला रॉय ने की। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा, अध्यक्ष बजरंग लाल भाकर, कार्यक्रम की शुरूआत मॉ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित करके की। छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई।

एन.एस.एस की छात्रा सुनिता भींचर ने चरी नृत्य प्रस्तुत किया, पूजा चौधरी व आंचल वैष्णव के द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किया गया। एन.एस.एस. की सभी छात्राओं ने रंगा–रंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि माननीय कुलपति महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा की युवाओं को अपने राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने के साथ पाश्चात्य संस्कृति का न अपनाकर भारतीय संस्कृति को महत्व देना चाहिए। मुख्य अतिथि के द्वारा सात दिवसीय विभिन्न प्रतियगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली सभी एन.एस.एस. छात्राओं का प्रतिक चिन्हन एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये। कार्यक्रम की अध्यक्षा चेयरमैन प्रो. शिला रॉय ने अपने उद्बोधन में कहा की महिला शिक्षा में बालिकाएँ शिक्षा प्राप्त करके उच्च पदो पर आसीन होगी। जो हमारे समाज की पहचान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। महाविद्यालय सचिव डॉ. बी.एल. देवन्दा ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। प्राचार्य डॉ. श्याम सुन्दर, प्राचार्या डॉ. रानू वार्ष्णेय ने सभी एन.एस.एस डॉ. मधु रानी चौहान छात्राओं एवं प्रभारी को धन्यवाद दिया।

सभी स्टाफ सदस्य श्रीमति निर्मला लोधी, श्रीमति राधेरानी, श्रीमति सविता शर्मा, श्रीमति सुनिता चौधरी, मोहनलाल प्रजातपत उपस्थित थे।





राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन समारोह